## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **छठी विधानसभा के चौथे और अंतिम दिन ग्यारह हजार छह सौ संतानबे करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पारित, विशेश सत्र संपन्न होते ही विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।**
2. **विभिन्न दलों ने की अपने मुख्य सचेतकों की घोषणा, कांग्रेस ने बेरमो विधायक अनूप सिंह और झामुमों ने मथुरा प्रसाद महतो को बनाया मुख्य सचेतक।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रयागराज में महाकुंभ का करेंगे औपचारिक रूप से उद्घाटन, लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण ।**
4. **पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पीएमएलए कोर्ट ने की खारिज, उन्होंने सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में खुद को आरोप मुक्त करने की लगाई थी गुहार। और,**
5. **हॉकी इंडिया लीग के लिए दूरदर्शन आधिकारिक प्रसारण भागीदार बना, प्रसार भारती ने हॉकी इंडिया के साथ इसके लिए किया करार।**

****************

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के चौथे और अंतिम दिन आज वर्ष 2024–25 के लिए 11 हजार 6 सौ 97 करोड़ .45 लाख रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हो गया। इसमें महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए सबसे ज्यादा 6,390 करोड़ 55 लाख और ऊर्जा विभाग के लिए 2,577 करोड़ 92 लाख रुपये आवंटित किए गये हैं। इससे पहले सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार का उत्तर देते हुए कहा कि ये राज्य आंदोलन की उपज है।

भोजनावकाश के बाद सदन में द्वितीय अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विपक्ष का राशि सरेंडर करने का आरोप निराधार है। अनुपूरक बजट पर कटौती प्रस्ताव लाते हुए भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि चुनावी घोषणापत्र में जो वादे किये गए हैं, उनके अनुकूल कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मैया सम्मान योजना पर भी सरकार पर निशाना साधा। चर्चा में विधायक उदयशंकर सिंह, नविन जयसवाल, जयराम महतो, राजेश कश्यप, निर्मल महतो, जनार्दन पासवान एवं अन्य ने भाग लिया।

****************

छठी झारखण्ड विधानसभा के अंतिम दिन आज विभिन्न दलों ने अपने मुख्य सचेतकों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने बेरमो विधायक अनूप सिंह को झारखंड विधानसभा में मुख्य सचेतक बनाया है। वहीं टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो का मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून में फँसे झारखण्डी श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखण्ड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान ना किए जाने के मामले में मिली शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया था, जिसके बाद राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष की टीम श्रमिकों की सुरक्षित वापसी में लगी है।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रयागराज का दौरा करेंगे और महाकुंभ का औपचारिक रूप से उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई महाकुंभ परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। महाकुंभ की शुरूआत अगले साल 13 जनवरी से हो रही है।

****************

इधर जनवरी में होने वाले महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने गाइड लाइन जारी की है। इसपर झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने श्रद्धालुओं को दिशा–निर्देश देते हुए एडवाजरी में कहा है कि महाकुंभ मेला 2025 का मोबाइल एप डाउनलोड कर मेले की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें।

****************

पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका आज पीएमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी। सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री से जुड़े केस के आरोपी छवि रंजन को बेल देने से रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने इंकार कर दिया है।

***************

**संक्षिप्त खबरें**

- जामताड़ा ज़िले में जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से चुने हुए छात्र छात्राओं ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया।
- देवघर ज़िले में पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने मासिक अपराध घटनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों का जल्द निष्पादन का निर्देश दिया।
- लोहरदगा ज़िले में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विद्यालयों में चलाये जा रहे हेल्थ एण्ड वेलनेस की कक्षाओं पर चर्चा की गई।
- खूँटी जिले में शत प्रतिशत आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के लिए खूँटी जिले में 18 से 25 दिसंबर तक विशेष महा अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

***************

लातेहार जिले में केन्द्र सरकार के निर्देश पर अपार कार्ड बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

***************

हॉकी इंडिया लीग के लिए दूरदर्शन आधिकारिक प्रसारण भागीदार बन गया है। इस सिलसिले में प्रसार भारती ने आज हॉकी इंडिया के साथ करार किया। इस अवसर पर हॉकी इंडिया लीग की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। श्री भोलानाथ सिंह ने कहा कि आने वाले समय में यह समझौता गेम चेंजर साबित होगा।

मौके पर प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद, दूरदर्शन समाचार की महानिदेशक प्रिया कुमार भी शामिल हुए।

*******समाप्त*******